# Newspaper Clips

## August 7, 2011

**Punjab Kesari ND 07/08/2011 p-7**

# आई.आई.टी. शुरू करेगा नए कोर्स

नई दिल्ली, (मैट्रो): भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली अपने यहां संचालित मुख्य डिग्री कोर्सेज के साथ कुछ नये माइनर कोर्स शुरू करने जा रहा है। इन कोर्सेज को माइनर डिग्री का नाम दिया गया है। माइनर कोर्सेज को शुरू करने का प्रमुख कारण रोजगार के क्षेत्र में मिल रही चुनौतियों से सामना करने एवं स्टूडेंट्स की स्किल को बेहतर बनाना है।

आईआईटी डीन शांतनु चौधरी ने इस माइनर कोर्सेज को शुरू करने का मकसद बताते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धा एवं चुनौतीपूर्ण माहौल में अपने क्षेत्र से जुड़ी जानकारी के अलावा अतिरिक्त सूचनाओं का भी ज्ञान होना आवश्यक है। इसी बात को ध्यान में रखकर आईआईटी दिल्ली द्वारा डिग्री कोर्सेज के अलावा माइनर कोर्सेज को इसी शैक्षणिक सत्र-2011-12 से शुरू किया जा रहा है। जिसमें वर्तमान से नैनो टेक्नोलाजी, वायुमंडलीय विज्ञान एवं आधुनिक जीव विज्ञान को सम्मिलित किया गया है। डीन शांतनु चौधरी ने कहा कि इंजीनियरिंग में स्नातक कर रहे स्टूडेंट के लिए यह कोर्स फायदेमंद होंगे।

Times of India ND 07/08/2011 p-14

# CAT scorecards to now come with expiry date

Mathang Seshagiri | TNN

**Bangalore:** Starting this year, Common Admission Test (CAT) scores handed out by the Indian Institutes of Managements (IIMs) will come with an expiry tag.

Scorecards of CAT 2011 candidates hoping to make it to any of the 13 IIMs or 100-odd B-schools across the country will be valid only until December 31, 2012. Though conventionally CAT scores have one-year validity, it's the first time that IIMs are explicit about the expiry date. No candidate will be able to download the scorecard from the CAT website after December 31, 2012.

IIMs will not entertain queries related to issuance of CAT 2011 scores beyond this date. The test will be conducted across 36 cities from October 22 to November 18. The scores will be announced on January 11, 2012. "We have set a validity period as IIMs keep receiving requests for scorecards from candidates. Legally too we felt it would be better to state the date beyond which scores are not valid," said Janakiraman Moorthy, CAT 2011 convenor.

IIMs have also come up with a cutoff date for OBCs to be considered for admissions. Non-creamy OBCs included in the central list drawn up by the National Council of Backward Classes as on September 28, 2011 — last date for CAT 2011 registration — will be used. "Subsequent changes will not be effective for CAT 2011," IIMs stated.

Moreover, CAT candidates will have to shell out more this year. IIMs hiked the fee for CAT vouchers from Rs 1,400 last year to Rs 1,600 this year. The fee for SC/ST candidates has been hiked by Rs 100 to Rs 800 this year.

Hindustan ND 7/08/2011 P-6


### आईआईटी के छह छात्रों के जज्बे को सलाम, एक दूसरे की अपनाईं कमियां और खूबियां, आज है करोड़ों का कारोबार

# दोस्ती एक्सप्रेस से मिली कंपनी को धार और रफ्तार

नई दिल्ली | प्रमुख संवाददाता

आईआईटी से छह छात्र इंजीनियरिंग कर एक साथ निकले। इन सभी में कुछ अलग करने का जज्बा था। इनमें कुछ बात तो थी लेकिन उन्हें उनकी कमियां डरा रही थीं। तब इन्होंने तय किया कि अपनी दोस्ती में एक दूसरे की कमियों को अपनाएंगे और इन्हें खूबियों में बदल देंगे। इसी संकल्प के कारण आठ साल पहले शुरू की गई उनकी कंपनी का कारोबार आज करोड़ों का है। कंपनी का नाम कृतिकल है जो भविष्य के तकनीकी उत्पादों पर काम करती है। इसका निर्माण करने वाले जिगरी दोस्त हैं आईआईटी दिल्ली के दीपेंद्र, जतिन शर्मा, अश्विनी गौतम, निशांत शर्मा, निशांत शर्मा और सोमिदेव मित्र। कंपनी के डायरेक्टर (प्लानिंग और स्ट्रेटजी) दीपेंद्र बताते हैं कि हमने अपनी पढ़ाई के अंतिम वर्ष में कंपनी खोलने का सपना देखा। इसे ने हमें एक गांठ में बांध दिया। हमारे सामने दो विकल्प थे। पहला विदेश में नौकरी और दूसरा उच्च शिक्षा जारी रखना। पर हम सभी की तमन्ना थी कि कुछ ऐसा करें जिसमें पूरी आजादी हो। बस यहीं से तय किया कि खुद का काम किया जाए।

बकौल निशांत शर्मा, बिजनेस शुरू करने के दौरान कई तरह की मुश्किलें आईं। हम सभी तकनीकी तौर पर दुरुस्त थे लेकिन कैटलॉग व्यवस्थित करने में कुछ कमजोर। शुरुआत में हमारा कैश फ्लो गड़बड़ा गया। लिहाजा हमारे बैंक अकाउंट में पैसे तक नहीं थे। पर यहीं से हमने फिर मुट्ठी बांधी। मार्केटिंग को मजबूत किया।



**जब वी मेट 1**

बस, हमारा कारोबार दौड़ने लगा। लेकिन 2005 में हम फिर मुश्किल में आ गए। हमने कंपनी को नोएडा शिफ्ट किया। इसके लिए जिससे लीज एग्रीमेंट बनवाया था वो फ्राड निकला। इस मुश्किल हालात से भी हम जल्द निकल आए। वजह थी हमारी दोस्ती। एक-दूसरे पर हमें अगाध विश्वास था। आर्थिक तंगी के दौरान हमने एक दूसरे की कमजोरियों को सुधारा और उन्हें ही मजबूती में बदल दिया।

निशांत शर्मा ने बताया कि स्टॉर्ट अप के दौरान कई बार विभिन्न मसलों पर हमारे मत अलग होते थे लेकिन इन्हें समाहित कर हमने इन्हें एक रास्ता बना दिया। उनका कहना है कि विचारों में विभिन्नता के बावजूद हम सब एक बेहतर दोस्त इसलिए बने रहे क्योंकि हमें मालूम था कि किसी की नीयत में कोई खोट नहीं है। दीपेंद्र ने कहा कि मेरी जिंदगी में एक किताब बिल्ट टू लास्ट एक प्रेरणा की तरह थी। इसमें बताया गया है कि दोस्ती और प्रोफेशनल जिंदगी में कैसे तारतम्य बिठाया जाना चाहिए।

**08** साल पहले शुरू की गई थी कंपनी, करोड़ो का कारोबार।

**2005** में आई कंपनी को दिक्कतें।

## भरोसे की पूंजी से पाई कामयाबी की कुंजी



**नई दिल्ली।** आईआईटी के ऐसे तीन दोस्त हैं जिनकी कंपनी मित्रता की बेहतरीन मिसाल तो है ही साथ में पर्यावरण की पहरेदार का भी रोल निभा रही है। आज इनकी कंपनी का कारोबार करोड़ों का हो चुका है। शुरुआती दौर में इससे जुड़ा एक दोस्त तो सिविल सेवा की परीक्षा में सफलता पा चुका है।

साथ पढ़ने वाले ऋतुराज मिश्रा, रजत सेठी और तरुण कुमार ने साथ मिलकर सोलर पैनल की कंपनी एक्सर्जी स्थापित की। पर यह आम सोलर कंपनियों से कई मायनों में अलग है। ये लोग सोलर पैनल के डिजाइन को अपने हिसाब से बनाते हैं। साथ ही इसके इस्तेमाल में जेब पर ज्यादा जोर न पड़े इसका भी ध्यान रखते हैं।

कंपनी के निदेशक रजत सेठी के मुताबिक हम तीनों में तालमेल जबरदस्त था। तरुण आईआईएम में अंतिम वर्ष में था तो ऋतुराज सिविल सेवा की तैयारी में जुटा था। मैं भी कई बार कामों के कारण व्यस्त रहता था। ऐसे में हमने रात नौ बजे का समय चुना। तब हम कंप्यूटर पर गूगल टॉक के जरिये कनेक्ट होते थे।

रजत बताते हैं कि सभी के आइडिया अलग-अलग थे। ऐसे में बहस के बाद जो बात सर्वमान्य होती थी उसी पर मुहर लगती थी। प्रमुख बात यह है कि इस कंपनी के 16 कर्मचारी या तो आईआईटी से पढ़े हुए हैं या फिर आईआईएम से।

कंपनी से पूर्व में जुड़े ऋतुराज ने बताया कि हमारी दोस्ती ने कंपनी को नई ऊंचाई देने में काफी मदद की। किसी बड़े काम को करने के लिए क्षमताएं बाद में भूमिका निभाती हैं, आपस की समझ पहले। बड़ी पूंजी नहीं थी ऐसे में एक दूसरे पर विश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी बनी।

**जब वी मेट 2**

कंपनी के निदेशक रजत सेठी का कहना है कि अमेरिका में स्लंबर से काम करने का ऑफर था। घर वालों का दबाव था कि मैं नौकरी कर लूं। यहां तक कि मेरे नौकरी न करने के फैसले को दोस्त भी सही नहीं मानते थे। पर आज घरवालों को मेरे उस फैसले पर गर्व है। अखबारों में सोलर पैनल और युवा उद्यमियों की आने वाली खबरों को वह गौर से पढ़ते हैं।